रणजीत टाइम्स
वर्ष : 1, अंक: 128 इंदौर, शुक्रवार 16 मई 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
DIGITAL EDITION

# 'बायकॉट तुर्की' तेजी से ट्रेंड कर रहा

## भारत-तुर्की व्यापार पर बड़ा असर!

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और तुर्की के बीच चल रहे तनाव के बीच सोशल मीडिया पर 'बायकॉट तुर्की' तेजी से ट्रेंड कर रहा है। तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन किया है, भारत सरकार नाराज है। इस खबर में हम समझेंगे कि भारत और तुर्की के बीच व्यापार कितना है, कौन-कौन से सामान का आदान-प्रदान होता है, और इस बहिष्कार का दोनों देशों पर क्या असर पड़ सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर सख्त सैन्य कार्रवाई की। लेकिन इस दौरान तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन किया, जिससे भारत में नाराजगी बढ़ गई। सोशल मीडिया पर लोग तुर्की के खिलाफ आवाज़ उठा रहे हैं और तुर्की के सामान का बहिष्कार करने की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तुर्की ने पाकिस्तान को हथियारबंद ड्रोन मुहैया कराए, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ किया। इस वजह से भारत में तुर्की के व्यापारिक संबंधों पर असर पड़ने की संभावना है।



### तुर्की से भारत क्या खरीदता है?

तुर्की के मार्बल का भारत में अच्छा खासा बाजार है। इसके अलावा तुर्की से भारत सेब और अन्य फलों का आयात करता है। इसके अलावा सोना, सब्जियां, चूना, सीमेंट, केमिकल, मोती, आयरन और स्टील भी भारत तुर्की से खरीदता है। 2023-24 में भारत ने तुर्की से खनिज तेल भी खरीदा, जिसकी कीमत लगभग 150 करोड़ रुपये थी।

### भारत से तुर्की क्या सामान लेता है?

भारत तुर्की को कपड़े, सूती धागा, इंजीनियरिंग से जुड़ा सामान, केमिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान निर्यात करता है। तुर्की में भारत के रेडीमेड कपड़ों को अच्छी मांग मिलती है। इसके अलावा खनिज तेल, ईंधन, एल्यूमीनियम प्रोडक्ट और ऑटो कंपोनेंट भी भारत से तुर्की जाता है।

### भारत-तुर्की के बीच कितना बड़ा व्यापार है?

अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच भारत ने तुर्की को करीब 5.2 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया। ये राशि पिछले साल 6.65 अरब डॉलर से कम है। दूसरी तरफ भारत ने तुर्की से लगभग 2.84 अरब डॉलर का सामान आयात किया है। यहां साफ दिखता है कि भारत ने तुर्की को जितना निर्यात किया है उससे लगभग आधा आयात किया है।

### फिल्म एसोसिएशन ने किया बहिष्कार

#### ● बोला- न वहां शूटिंग हो और न वहां के कलाकारों को भारत का वीजा मिले

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के माहौल के बीच ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने तुर्की और अजरबैजान का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान किया है। का कहना है कि इन दोनों देशों का रवैया भारत के खिलाफ है। इसलिए अब उनसे जुड़ी किसी भी फिल्मी गतिविधि में भाग नहीं लिया जाएगा। इस फैसले को देशभक्ति और एकजुटता का प्रतीक बताया गया है। सरकार से इन देशों के सभी कलाकारों का वीजा रद्द करने की भी मांग की है।

# एमपी में अगले 4 दिन तक आंधी-बारिश का अलर्ट

## ● उज्जैन, धार और टीकमगढ़ में पानी गिरा; भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को भी आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। उज्जैन के उन्हेल, धार के मनावर और टीकमगढ़ में दोपहर के बाद मौसम बदल गया। अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी।





मौसम विभाग के मुताबिक, मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी, 18 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट है। इंदौर, उज्जैन समेत प्रदेश के 27 जिलों में गुरुवार को तेज आंधी चल सकती है। वहीं, बारिश होने के भी आसार है। मौसम विभाग के अनुसार, 20 मई के बाद गर्मी बढ़ेगी। हालांकि, मई के आखिरी सप्ताह में फिर से मौसम बदलने की संभावना है।

**पिछले 24 घंटे में 25 जिलों में बारिश, आंधी चली-** प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान इंदौर, भोपाल समेत 25 जिलों के कुल 51 शहर या कस्बों में बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, जिन जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर बना रहा, उनमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, बड़वानी, धार, खरगोन, झाबुआ, शाजापुर, देवास, सीहोर, गुना, राजगढ़, रायसेन, बैतूल, नर्मदापुरम, नीमच, मंदसौर, रतलाम, विदिशा, सागर, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, डिंडौरी और अनूपपुर जिले शामिल हैं। सबसे ज्यादा बारिश मंदसौर जिले में हुई।

# श्रीनगर में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह जवानों से मिले

## ● भारत के माथे पर वार करने वालों की छाती पर घाव किया

### पाकिस्तान मांगने वालों की लाइन में खड़ा मिलता है



**श्रीनगर (एजेंसी)।** राजनाथ ने कहा- पाकिस्तान जहां से खड़ा होता है वहां से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। हाल ही में पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज मांगने गया। जबकि भारत उसी आईएमएफ को फंड देता है। रामचरित मानस में कहा गया है जहां सुमति तहं संपति नाना, जहां कुमति तहं बिपत निधाना। यानी जहां सुमति होती है वहां संपन्नता आती है। जहां कुमति होती है वहां विपत्ति आती है।

हमने तय किया कि धरती की छाती चीरकर दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करेंगे। मैं मानता हूं कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हमने दिखा दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने भारत के मस्तिष्क पर वार किया तो हमने उनकी छाती पर वार किया।

**● हम सिर्फ डिफेंस नहीं कार्रवाई भी करते हैं-** रक्षामंत्री ने कहा- आपने जिस तरह पाकिस्तान की चौकियों और आतंकी ठिकानों का ध्वस्त किया उसे पाकिस्तान याद रखेगा। पूरे देश की शुभकामनाएं, प्रार्थनाएं और कृतज्ञताएं आपके साथ हैं। मैं एक तरह से उनका डाकिया बनकर आया हूं। भारत ने दिखा दिया कि हम सिर्फ डिफेंस नहीं करते जब वक्त आता है तब कठोर कार्रवाई भी करते हैं।

# आतंकियों की काल बनी सेना, ड्रोन से खोजकर 6 को किया ढेर

## एक आतंकी की मां कॉल पर बोली- बेटा सरेंडर कर दे

**नई दिल्ली/श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के त्राल में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने 6 आतंकियों को मार गिराया। यह एक मकान में छिपे थे। सुरक्षाबलों ने इन्हें ड्रोन की मदद से ढूंढ निकाला और एनकाउंटर कर दिया। मारे गए आतंकियों में एक टॉप कमांडर आसिफ शेख था। इसके अलावा सुरक्षाबलों ने आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट को भी मार गिराया। इस बीच, त्राल में मारे गए एक आतंकी आमिर नजीर वानी का आखिरी वीडियो सामने आया है। इसमें वह अपनी मां से बात कर रहा है। मां ने कश्मीरी में आमिर से कहा- बेटा, सरेंडर कर दो। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है।





## मणिपुर के चंदेल में 10 उग्रवादी ढेर

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है।

सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया- 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

# सिख समुदाय की तीर्थ यात्रा में बाधा पहुंचाने वालों पर पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का सख्त रुख, राष्ट्रीय लोकदल ने उठाई आवाज

दैनिक सद्भावना पाती







**उत्तराखंड।** तीर्थ यात्रा योजना को लेकर एक अहम मुद्दे पर दिल्ली से पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तराखंड के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री सतपाल महाराज से शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट एक औपचारिक शिष्टाचार से कहीं अधिक, जनसमुदाय की आवाज को सरकार के उच्चतम स्तर तक पहुंचाने की गंभीर और उद्देश्यपूर्ण कोशिश थी, जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख प्रवक्ता अनुपम खत्री ने किया। मुलाकात का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित ÷मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना÷ में सामने आई विभागीय अनियमितताओं को उजागर करना और सिख समुदाय के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करना था। शिकायत यह थी कि सिख समुदाय के बुजुर्ग जब भी इस योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रा के लिए आवेदन करने पहुंचते हैं, तो पर्यटन विभाग के कुछ कर्मचारी न केवल उनका आवेदन अस्वीकार कर देते हैं, बल्कि उनके साथ अभद्र भाषा में व्यवहार करते हैं। यह व्यवहार न केवल सरकारी सेवा भावना के विरुद्ध है, बल्कि धार्मिक आस्था और गरिमा पर सीधा प्रहार भी है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रतिनिधिमंडल ने जब यह बात मंत्री सतपाल महाराज के समक्ष रखी, तो उन्होंने बिना किसी विलंब के तत्काल सख्त रुख अपनाया और विभागीय अधिकारी सीमा नौटियाल को फोन पर निर्देश देते हुए फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि तीर्थ यात्रा की पवित्र सेवा में लापरवाही या भेदभाव किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मुलाकात के दौरान उपस्थित सिख समुदाय के बुजुर्गों को भी मंत्री सतपाल महाराज ने आश्वस्त किया कि उनके साथ न्याय होगा और सरकार शीघ्र ही उनके लिए तीर्थ यात्रा की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। यह आश्वासन न केवल राहत दायक था, बल्कि यह संदेश भी देता है कि सरकार किसी भी धार्मिक या सामाजिक समुदाय के साथ हो रहे अन्याय को नजरअंदाज नहीं करेगी। शिष्टमंडल में अनुपम खत्री के साथ-साथ पार्टी के प्रमुख नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रदेश महासचिव उदयवीर चहल, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कलम प्रीत अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मंजू जैन, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल गहलोत, महिला प्रकोष्ठ की महानगर अध्यक्ष सुनीता सहानी और वरिष्ठ कार्यकर्ता राहुल कुमार, हरीश भाटिया, सरदार अमरजीत सिंह, सरदार रनजीत तथा सरदार जसबीर सिंह शामिल थे।

## मध्यप्रदेश में लोकायुक्त रिपोर्ट को 9 साल से दबाए बैठी सरकार

### नागरिक मंच का फूटा आक्रोश, मंत्री-विधायकों को बचाने का आरोप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख और जीरो टॉलरेंस की नीति का बार-बार दावा करने वाली सरकार पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। जबलपुर में नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के नेतृत्व में हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन ने प्रदेश की राजनीति और प्रशासन की पारदर्शिता को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मंच ने आरोप लगाया है कि पिछले नौ वर्षों से लोकायुक्त द्वारा तैयार की गई भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच रिपोर्ट को विधानसभा में जानबूझकर पेश नहीं किया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि सरकार मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रही है। मंच के अध्यक्ष पी. नाज पांडे ने इस मुद्दे पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह प्रदेश की जनता के साथ एक सीधा धोखा है। उनका कहना है कि जब लोकायुक्त जैसी संवैधानिक संस्था भ्रष्टाचार की जांच करती है और उसके द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट को सरकार वर्षों तक छिपाकर बैठी रहती है, तो इससे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर कौन हैं वे ताकतवर चेहरे, जिनकी हकीकत जनता के सामने आने से रोकी जा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को यह जानने का अधिकार है कि लोकायुक्त की जांच में किन-किन मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के नाम सामने आए हैं, उनके खिलाफ क्या सबूत मिले और सरकार ने उन पर क्या कार्रवाई की। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि मध्यप्रदेश देश का ऐसा इकलौता राज्य है जहां पिछले 9 वर्षों से एक भी लोकायुक्त रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखी गई है। यह न केवल सूचना के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि लोकतंत्र के पारदर्शी ढांचे पर भी गहरी चोट है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यदि सरकार इस रिपोर्ट को जल्द सार्वजनिक नहीं करती और विधानसभा में प्रस्तुत नहीं करती, तो मंच राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगा। मंच ने चेतावनी दी है कि यह सिर्फ एक सांकेतिक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह एक गंभीर लोकतांत्रिक लड़ाई की शुरुआत है। अगर सरकार ने लोकायुक्त की रिपोर्ट को अब भी दफ्तरों में दबाकर रखा, तो मंच जनजागरण के साथ-साथ कानूनी विकल्पों का भी सहारा लेगा। पांडे ने कहा कि हम इस मामले को कोर्ट में ले जाएंगे और न्यायपालिका से मांग करेंगे कि सरकार को बाध्य किया जाए कि वह हर साल की लोकायुक्त रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करे और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराए।

## देवरी में बीजेपी विधायक के बिगड़े बोल ने मचाया बवाल, मंच से बोले - 'मैं अपनी पर आ गया तो पायजामे ढीले हो जाएंगे', राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर भड़के

**सागर।** मध्यप्रदेश की सियासत में नेताओं के बिगड़े बोल लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं। अभी हाल ही में मंत्री विजय शाह के बयान से उपजा विवाद शांत भी नहीं हुआ था कि अब सागर जिले के देवरी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बृजबिहारी पटैरिया ने मंच से एक ऐसा बयान दे दिया, जिसने एक बार फिर राजनीतिक गरिमा और भाषा की मर्यादा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नगर पालिका के एक कार्यक्रम में मंच से बोलते हुए विधायक पटैरिया ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा, ÷अगर मैं अपनी पर आ गया तो पायजामे ढीले हो जाएंगे।÷ यह बयान उन्होंने देवरी विधानसभा क्षेत्र में बाहरी जनप्रतिनिधियों के राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर दिया। उनका इशारा जिला मुख्यालय से जुड़े कुछ नेताओं की ओर था, जिनके समर्थन से नगर पालिका अध्यक्ष और उनके बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में यह बताया जा रहा है कि देवरी नगर का नाम बदलकर ÷देवपुरी÷ किए जाने की मांग को लेकर एक विशेष पालिका सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन में प्रस्ताव पास कराना जरूरी था, जिसके लिए पालिका अध्यक्ष और उनके समर्थक पार्षदों की मौजूदगी आवश्यक थी। लेकिन बीजेपी शासित नगर पालिका की अध्यक्ष संगीता जैन, जो खुद पार्टी की हैं, इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर न केवल अनुपस्थित रहीं, बल्कि अपने कई समर्थक पार्षदों के साथ सम्मेलन से दूरी बना ली।

इसके बावजूद पार्षदों की पर्याप्त संख्या में उपस्थिति से प्रस्ताव पारित कर दिया गया, लेकिन यह बात विधायक पटैरिया को नागवार गुजरी। उनका आरोप है कि नगर पालिका अध्यक्ष जानबूझकर जनहित से जुड़े मुद्दों में टालमटोल कर रही हैं और विपक्षी नेताओं के इशारे पर कार्य कर रही हैं। यही कारण है कि विधायक मंच से अपना आपा खो बैठे और सार्वजनिक रूप से इस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर बैठे। इस बयान के सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। विपक्षी दलों ने इसे बीजेपी की असहिष्णु राजनीति और भाषा की गिरावट करार दिया है। वहीं कुछ वरिष्ठ नेताओं ने भी इस बयान को अनुचित बताते हुए पार्टी नेतृत्व से हस्तक्षेप की मांग की है। बृजबिहारी पटैरिया का यह बयान इस बात का संकेत है कि मध्यप्रदेश में आंतरिक राजनीतिक खींचतान किस हद तक बढ़ चुकी है, जहां पार्टी के भीतर ही नेताओं के बीच टकराव सार्वजनिक मंचों पर पहुंच चुका है।

## मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी पर फिर गरजी उमा भारती, - पर लिखा- 'उनकी बर्खास्तगी में असमंजस आश्चर्य का विषय है', कहा- असभ्य बयान से हम सब शर्मिंदा हैं

**भोपाल।** एक बार फिर राजनीति की लहरों में हलचल तेज हो गई है। सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए गए अपमानजनक बयान के बाद विवादों में घिरे मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह पर अब भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने दो टूक और तीखा बयान जारी किया है। उमा भारती ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच ङ्ग (पूर्व में ट्विटर) पर एक भावनात्मक लेकिन स्पष्ट पोस्ट करते हुए मंत्री विजय शाह की बर्खास्तगी पर सवाल खड़े किए। उन्होंने लिखा, ÷हमारे राज्य के मेरे सगे भाई जैसे प्रिय मंत्री को या तो हम बर्खास्त करें या वह स्वयं इस्तीफा दे दें, क्योंकि उनका असभ्य कथन हम सबको शर्मिंदा कर रहा है। उनकी बर्खास्तगी में असमंजस आश्चर्य का विषय है।÷

उमा भारती की यह प्रतिक्रिया कोई पहली बार नहीं आई है। बुधवार को भी उन्होंने विजय शाह के बयान को लेकर एफआईआर दर्ज करने और उन्हें मंत्रिमंडल से हटाने की सार्वजनिक मांग की थी।

## मध्य प्रदेश में मौसम का स्ट्रांग सिस्टम सक्रिय, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर संभाग समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी, गर्मी में आने वाले दिनों में वृद्धि की संभावना

**मध्य प्रदेश।** इस समय मौसम का एक स्ट्रांग सिस्टम सक्रिय है, जिसने प्रदेश के मौसम को अप्रत्याशित रूप से प्रभावित कर रखा है। मई माह सामान्यतः प्रदेश में सबसे अधिक गर्मी लेकर आता है, लेकिन इस साल मौसम ने कुछ अलग ही रूप दिखाया है। आम तौर पर इस समय तेज़ लू और गर्मी का कहर देखने को मिलता है, लेकिन इस बार बादल छाए हुए हैं और कई क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे गर्मी की तीव्रता में कमी आई है और लोगों को इस भीषण तपिश से कुछ राहत मिली है। प्रदेश के कई हिस्सों में बादल घने हो गए हैं और हल्की-से-मध्यम बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटों में भोपाल, उज्जैन, नर्मदापुरम समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई है, जो इस बदलाव का साफ संकेत है। हालांकि प्रदेश के कुछ हिस्सों में तापमान अधिक बना हुआ है, जैसे कि खजुराहो में 43.6 डिग्री सेल्सियस की गर्मी दर्ज की गई है, जो इस समय प्रदेश में सर्वाधिक तापमान है। बारिश और बदले हुए मौसम ने प्याज की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि बेमौसम हुई बारिश से प्याज की फसल को लगभग 40 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है, जिससे किसान चिंतित हैं।

मौसम विभाग ने बताया है कि फिलहाल प्रदेश में लू चलने की संभावना नहीं है और आने वाले तीन-चार दिनों तक मौसम अपेक्षाकृत ठंडा और सुहावना बना रहेगा। इसका मुख्य कारण जम्मू-कश्मीर के पास सक्रिय एक पश्चिमी विक्षोभ है, जो द्रोणिका की तरह प्रभावी है। इसके साथ ही गुजरात के ऊपर हवा के ऊपरी हिस्से में एक चक्रवातीय प्रणाली सक्रिय है, जिसके कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में निरंतर नमी आ रही है। यही नमी प्रदेश में बादल छाने और बारिश के लिए उपयुक्त वातावरण तैयार कर रही है।

मौसम विभाग ने विशेष रूप से भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर संभाग के जिलों के अलावा उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, मुरैना, भिंड, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर और उमरिया जिलों में आंधी और बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। लोगों से आग्रह किया गया है कि वे मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए सतर्क रहें और जरूरी सावधानियां बरतें। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि 20 मई के बाद प्रदेश में गर्मी की तीव्रता फिर बढ़ेगी और तापमान सामान्य स्तर पर लौट सकता है। हालांकि मई के अंतिम सप्ताह में मौसम फिर से अनिश्चितता के साथ बदल सकता है, जिससे बारिश और मौसमी गतिविधियों में इजाफा हो सकता है। यह बदलाव पूरी तरह से प्राकृतिक मौसमी चक्रों का हिस्सा माना जा रहा है। प्रदेशवासियों के लिए फिलहाल यह एक राहत की खबर है कि लू की मार से कुछ दिन की निजात मिली है, लेकिन भविष्य में गर्मी के बढ़ने की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। किसानों, आम जनता और प्रशासन को भी मौसम की इस अनिश्चितता के लिए तैयार रहना होगा ताकि किसी भी आपात स्थिति में तेजी से प्रतिक्रिया दी जा सके।

# ध्यान की अवस्था का अनुभूत प्रयोग ही सहजयोग की विशेषता है

रंजीत टाइम्स



मात्र दर्शन भर कर लेना ईश्वर को पाने की संपूर्णता नहीं है। श्री राम को पाने का तात्पर्य है अपने भीतर उन्हें जगाना, अर्थात आत्मा की राम ज्योति जलाना, ईश्वर को अपने भीतर जगाने के लिए आत्मा को जागृत करना होगा, परंतु कैसे और क्यों यह सहज प्रश्न मन में उठता है।

भारतीय दर्शन में शास्त्र के कथनानुसार चलने का महत्व है और तदनुसार आत्मा ही है परमात्मा को पाने का माध्यम, अतः उसे जगाना होगा। इसे सरलता से निशुल्क घर बैठे अनुभव करने का उपाय है श्री माताजी निर्मला देवी प्रणित सहजयोग ध्यान पद्धति। यह सहज योग ध्यान पद्धति पतन्जलि योग पद्धति के आठ अंगों यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारणा तथा समाधि के सिद्धान्त का अनुमोदन करती है। इसमें आरंभ के चार अंग भौतिक शरीर के सुख एवं रोग क्लेश निवारण के लिये हैं, और शेष चार मन मस्तिष्क एवं आत्मिक सुख का साधन हैं। ध्यान की अवस्था का अनुभूत प्रयोग ही सहजयोग की विशेषता है। ध्यान की अनुभव सिद्धता का आनंद जो कुछ मिनिटों की प्रार्थना से ही लेना गूंगे के गुड़ के समान शब्दातीत है, जिन खोजा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठा।

सहज योग ध्यान के माध्यम से आत्मा के जागरण के द्वारा आनंद का अमृत जीवन को सींचता है, रोग, शोक, भय, आशंका, पीड़ा सबका नाश हो कर आत्मिक सुख प्राप्त होता है। मनुष्य का कल्याण ध्यान के द्वारा बड़ी सहजता से होता है इसी कारण इसे सहजयोग कहा जाता है।

संसार की अनेक सभ्यताएं प्रकाश की आराधना श्रद्धा और समर्पण से करती रही हैं क्योंकि प्रकाश ही परम शक्ति का प्रतीक है जो जीवन को नश्वरता से अमरत्व की ओर ले जाने का प्रेरक आनंद है। सहजयोग की ध्यान पद्धति बड़ी सूक्ष्मता से इस आनंद को हमारे भीतर जगा देती है और हमारे आत्म विश्वास को दृढ़ करती है। आनंद की सर्जना करने वाली माँ हमारे भीतर हैं, और वह ध्यान द्वारा जागृत की जा सकती हैं।भारतीय संस्कृति मातृ शक्ति की उपासक रही है मातृ देवो भव का आदर्श हमारा आधार है। वैदिक काल से ले कर वर्तमान युग तक हम नदी, धरती, गाय, और देश को भी माँ के नाम से पूजते हैं। अथर्व वेद मे उल्लेख है माता भूमिः पुत्रोहम पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र। इस भावना के पार्श्व में गूढ़ ज्ञान विलोपित है। वास्तव में शिव से पृथक शक्ति ही प्रकृति है पाँच तत्वों में यही मातृ शक्ति सूक्ष्म रूप मे जीव का सर्जन करती है। और जीव के जन्म लेने के पश्चात उसकी इच्छा शक्ति (विल पॉवर) के रुप उसके आनंद का सृजन करने को आतुर रहती है उसकी इसी आतुरता को स्वयं के बारे मे जानने की जिज्ञासा को कोऽहम्?कहा गया। ध्यान इसी कः अहम्? की जिज्ञासा का उत्तर है।

परम पूज्य माताजी श्री निर्मला देवी प्रणीत सहज योग की ध्यान पद्धति अत्यंत सरलता से इस प्रश्न के उत्तर को अनुभव कराती है। निश्चय ही माँ सृष्टि की आनंद दायिनी सर्जक शक्ति है वही हमारे आत्म बल को बलवत्ता प्रदान करती है इसी लिए हम भारतीय परंपरा से ही शक्ति के उपासक हैं। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें www.sahajayoga.org.in एवं टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल करें।

# हाई कोर्ट इंदौर में अवैध हिरासत पर सुनवाई – पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी




रंजीत टाइम्स

इंदौर। बंजारा समाज के एक नाबालिग को कानून के विरुद्ध पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने के मामले में शुक्रवार को हाई कोर्ट, इंदौर खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मानसी जैन और दीपक चौहान , हितेश शर्मा, जितेन्द्र गुप्ता ने तर्क रखते हुए न्यायालय का ध्यान इस गंभीर संवैधानिक उल्लंघन की ओर आकर्षित किया। पुलिस द्वारा किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की बजाय अवैध रूप से हिरासत में रखने पर दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। अधिवक्ताओं ने दलील दी कि नाबालिग को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत संरक्षण मिलना चाहिए था, परंतु पुलिस ने कानून का उल्लंघन करते हुए उसे गैरकानूनी रूप से थाने में हिरासत में रखा।

माननीय न्यायालय ने इस गंभीर विषय को देखते हुए पुलिस अधिकारियों से स्थिति रिपोर्ट तलब की है और स्पष्ट किया कि नाबालिगों के अधिकारों का हनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई नियत तिथि पर होगी।

# आदिवासी नेता ग्राम कनेरिया के पूर्व सरपंच स्वर्गीय छगनलाल औसारी व पूर्व जनपद प्रतिनिधि महू स्वर्गीय वरदानसिंह मकवाना की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की

रंजीत टाइम्स



महू-इंदौर- जिला कांग्रेस प्रवक्ता जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया आदिवासी नेता ग्राम कनेरिया के पूर्व सरपंच स्वर्गीय छगनलाल औसारी व पूर्व जनपद प्रतिनिधि महू स्वर्गीय वरदानसिंह मकवाना की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर मुख्य रूप से आसाराम बारूड़,महेश निनामा, यादवसिंह चौहान, शक्तिसिंह गोयल, जीतू ठाकुर, जुगनू जादवसिंह धनावत, कमल चौधरी, बैकुंठ पटेल, किशोर औसारी, प्रदीप औसारी, मनमोहन गुनावत,मार्टिन भाई, अजय मकवाना, धर्मेंद्र सिंगारे, चंदर मकवाना, अनूपसिंह जाट, धर्मेंद्र बिरथरे, विजय जाट,विकास ठाकुर, गणपत औसारी, मंगू भाई, रामप्रसाद बारोड़, रतनसिंह निनामा, सुंदरलाल निनामा, दिनेश सिंगारे, राधेश्याम डावर,बट्टूसिंह बरिया, ओमप्रकाश गेहलोत इत्यादि सैकड़ो जनो ने पुष्पांजलि अर्पित की।


# जैन समाज में हुआ नेत्रदान



रंजीत टाइम्स

**दीपक तोमर**

मंडलेश्वर। श्री जीवनचंद जी जैन के निधन के पश्चात उनके पुत्र मनोज जैन एवं भतीजे समीर जैन ने धामनोद के समाजसेवी राकेश जैन एवं सोनू गांधी से संपर्क कर नेत्रदान की इच्छा जाहिर कि इन्होंने धामनोद के रोटरी क्लब के नेत्रदान देहदान प्रभारी प्रकाश राठौड़ संपर्क किया धामनोद में डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने पर श्री राठौड़ ने खरगोन जिला चिकित्सालय सीएमएचओ डॉ एम एस सिसोदिया से संपर्क किया उन्होंने खरगोन के नेत्र चिकित्सा सहायक श्री उदय सिंह जी राठौड़ एवं वार्ड बाय दीनानाथ जी गुप्ता को सरकारी वाहन से भेज कर नेतदान को रात 12:30 बजे संपन्न कराया श्री राठौर ने बताया किया कर्निया एमके आई बैंक इंदौर भेजा जाता है कार्निया डेवलप होने के पश्चात 4 से 6 लोगों के अंधेरे जीवन में रोशनी प्रदान करता है ।मंडलेश्वर के जैन परिवार को इस दुख की घड़ी में साहसिक निर्णय लेने पर धामनोद की सामाजिक संस्थाओं ने धन्यवाद प्रेषित किया।



# महिला और पति के साथ घर में घुसकर मारपीट, घायल अस्पताल में भर्ती



रंजीत टाइम्स

गोटेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत झोतेश्वर चौकी के ग्राम रातामाटी में एक परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है।पूरा मामला ग्राम राता माटी का बताया जा रहा है जहां पर देवकी बाई चौधरी पति धनीराम चौधरी निवासी रातामाटी के साथ ग्राम के मुन्ना लाल ठाकुर,बसंत ठाकुर,पंचम ठाकुर,शीला बाई,रेवता बाई ठाकुर सभी निवासी ग्राम रातामाटी झोतेश्वर चौकी थाना गोटेगांव द्वारा घर में घुसकर देवकी बाई और उनके पति धनीराम चौधरी के साथ जमकर मारपीट की और इस घटना में घायल के लड़के ने बताया कि घर में लगी दुकान से नगद राशि एवं जेवर लूटपाट कर ले गए, पीड़ित परिवार जहां इस घटना से भयभीत है और झौतेशवर चौकी में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु गोटेगांव अस्पताल भेजा है जहां पर उनकी गंभीर हालत को देखकर जिला अस्पताल नरसिंहपुर के रिफर कर दिया गया है। प्राप्त सूचना अनुसार पुलिस द्वारा धारा 296,115,3(5),331,118 के तहत मामला दर्ज किया है दूसरी ओर इस घटना से जुड़े दो वीडियो भी वायरल हुई जिसमें आरोपियों द्वारा घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट की जा रही है। इस संबंध में सिलावट समाज संगठन मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा मामले का संज्ञान लेकर एसडीओपी भावना मरावी के नाम ज्ञापन सौप कर आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

इनका कहना है- आरोपियों ने घर में घुसकर मेरी मेरी मम्मी देवकी बाई पापा धनीराम चौधरी के साथ मारपीट की और दुकान में रखा कैश और जेवर लूटकर ले गए

सूरज चौधरी

घायल महिला का पुत्र

पूरे मामले में इनका कहना है। मामला रातामाटी के गांव का है जहां कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। जिसमें नियम अनुसार कार्यवाही की जा रही।

दलीप सिंह

झौतेशवर चौकी प्रभारी

# हाई कोर्ट इंदौर में अवैध हिरासत पर सुनवाई

## पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी

रंजीत टाइम्स

**इंदौर। बंजारा समाज के एक नाबालिग को कानून के विरुद्ध पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने के मामले में शुक्रवार को हाई कोर्ट, इंदौर खंडपीठ ने सख्त रुख अपनाया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मानसी जैन और दीपक चौहान , हितेश शर्मा, जितेन्द्र गुप्ता ने तर्क रखते हुए न्यायालय का ध्यान इस गंभीर संवैधानिक उल्लंघन की ओर आकर्षित किया । पुलिस द्वारा किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने की बजाय अवैध रूप से हिरासत में रखने पर दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय न्यायालय ने संबंधित पुलिस अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है।**

अधिवक्ताओं ने दलील दी कि नाबालिग को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत संरक्षण मिलना चाहिए था, परंतु पुलिस ने कानून का उल्लंघन करते हुए उसे गैरकानूनी रूप से थाने में हिरासत में रखा। माननीय न्यायालय ने इस गंभीर विषय को देखते हुए पुलिस अधिकारियों से स्थिति रिपोर्ट तलब की है और स्पष्ट किया कि नाबालिगों के अधिकारों का हनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई नियत तिथि पर होगी।



# आज बड़े गणपति चौराहा से शुरू होगी तिरंगा यात्रा, आठ विधानसभा क्षेत्रों को सजावट की जिम्मेदारी सौंपी गई, सभी कार्यकर्ता बड़े उत्साह के साथ एकत्र होंगे

**इंदौर।** आज 16 मई को बड़े गणपति चौराहा से शुरू होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। इस यात्रा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति रहेगी, जो इसे और भी खास बनाएगी। इस तिरंगा यात्रा का मार्ग लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा होगा और यह राजबाड़ा चौक पर समाप्त होगी। इस महत्वपूर्ण यात्रा के मार्ग को सजाने का कार्य भाजपा ने अपने आठ विधानसभा क्षेत्रों की टीमों को सौंपा है, ताकि प्रत्येक क्षेत्र अपने हिस्से की सजावट को विशेष रूप से भव्य और आकर्षक बना सके। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि बड़ा गणपति चौराहा और उसके आस-पास के क्षेत्र की सजावट की जिम्मेदारी देपालपुर मंडल के कार्यकर्ताओं को दी गई है। वहीं, इस चौराहा से कड़ाबीन जैन मंदिर तक का क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के कार्यकर्ताओं के जिम्मे होगा। जैन मंदिर से लेकर टोरी कॉर्नर तक की सजावट विधानसभा क्षेत्र दो के कार्यकर्ताओं द्वारा की जाएगी। टोरी कॉर्नर से गोराकुंड चौराहा तक का कार्य विधानसभा क्षेत्र पांच के कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है, जबकि गोराकुंड चौराहा से शक्कर बाजार चौराहा तक की जिम्मेदारी विधानसभा क्षेत्र चार के पास होगी। मिश्रा ने यह भी बताया कि शक्कर बाजार चौराहा से रामभक्त हनुमान मंदिर खजूरी बाजार तक के क्षेत्र की सजावट राऊ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता संभालेंगे। इसके बाद रामभक्त हनुमान मंदिर से लेकर राजबाड़ा चौक तक का कार्य विधानसभा क्षेत्र तीन के कार्यकर्ताओं को सौंपा गया है, जबकि राजबाड़ा चौक की सजावट सांवेर विधानसभा क्षेत्र के निपानिया मंडल द्वारा की जाएगी। पूरे डेढ़ किलोमीटर के मार्ग को देशभक्ति के रंगों से सजाया जाएगा, ताकि यह यात्रा न केवल भव्य दिखे बल्कि लोगों के मन में देश के प्रति गर्व और जोश भी भर दे। इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन ने विभिन्न मंडल में



विशेष टीमें बनाई हैं। ये टीमें अनाज मंडी, सब्जी मंडी, फल मंडी और मजदूर चौक में जाकर लोगों से संपर्क कर रही हैं और उन्हें इस यात्रा में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसके अलावा, बुधवार की शाम प्रीतमदास सभागृह में एक बड़ी बैठक भी हुई, जिसमें करीब 90 सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने समाजों से अधिक से अधिक संख्या में तिरंगा यात्रा में भाग लेने का संकल्प लिया। सभी को अपने समाज या संगठन के नाम का बैनर लेकर आने और हाथों में तख्ती लेकर चलने के निर्देश दिए गए। इन तख्तियों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' का मोनो, पाकिस्तान विरोधी नारे, भारत माता और भारतीय सेना के जयकारे लिखे होंगे। साथ ही प्रमुख समाजों के साथ भी अलग-अलग बैठकें जारी हैं, ताकि सभी समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके और यात्रा में एकजुटता का संदेश दिया जा सके। तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए शहर के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर बैठकें भी आयोजित की गईं, जिनमें विधायक, क्षेत्रीय नेता, मंडल, वार्ड और बूथ स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए। इन बैठकों में यात्रा के लिए व्यापक स्तर पर सहयोग, व्यवस्थाएं और सुरक्षा की तैयारियों पर चर्चा हुई, ताकि आज 16 मई को यह यात्रा भव्य और सफल हो सके।

# इंदौर में जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0 का शुभारंभ

## जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**इंदौर।** नगर पालिक निगम द्वारा जल संरक्षण को लेकर शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान के दूसरे संस्करण का भव्य शुभारंभ रविन्द्र नाट्य गृह में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर के जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अधिकारी, पार्षदगण, शिक्षा संस्थानों के प्रमुख, एनजीओ प्रतिनिधि, कॉलोनी संघों के अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जल संरक्षण पर आधारित प्रेरणादायक एंथम बचाओ बहाओ न जल... के साथ हुई, जिसमें प्रख्यात कथक नृत्यांगना रागिनी मक्खर ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके उपरांत नगर निगम द्वारा जल संरक्षण पर किए गए कार्यों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया।



### मुख्य वक्ताओं के विचार:

कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा इंदौर के तालाब, बावड़ियाँ और कुएँ हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन सभी जल स्रोतों को अतिक्रमण से मुक्त कर उनका जीर्णोद्धार किया जाना जरूरी है, जल है तो कल है – इसी भावना से हमें इस अभियान को आगे बढ़ाना है।

कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा इंदौर देश के लिए उदाहरण बन चुका है। शहर को चलाने के लिए दंड और पुरस्कार दोनों जरूरी हैं। जल संरक्षण करने वालों को टैक्स में छूट मिले और जो नहीं कर रहे हैं, उन पर जुर्माना लगाया जाए। सभी पार्षद अपने-अपने वार्ड में कम से कम 500 वर्षा जल संग्रहण प्रणाली लगवाने का संकल्प लें।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा इंदौर को जल संरक्षण में भी नंबर वन बनाना है। हमारी भयावह जल स्थिति को देखते हुए हमें डर के साथ काम करना होगा। 300वीं अहिल्या शताब्दी के अवसर पर जनभागीदारी से 300 रिचार्ज शाफ्ट लगाए जाएंगे। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल कार्य प्रभारी श्री अभिषेक शर्मा %बबलू% ने बताया अभियान की शुरुआत तीन वर्ष पूर्व की गई थी, जब इंदौर की जल स्थिति चिंताजनक थी। तब से अब तक 15 तालाबों का गरीकरण किया गया, कुओं और बावड़ियों की सफाई की गई तथा वर्षा जल को इन स्रोतों तक पहुँचाने की व्यवस्था की गई है।

### अभियान की प्रमुख घोषणाएं एवं लक्ष्य:

300 रिचार्ज शाफ्ट लगाए जाएंगे – अहिल्या शताब्दी के उपलक्ष्य में।

411 कुओं पर पुनर्जीवन एवं हाइड्रोलॉजिकल सर्वे।

15 तालाबों का गरीकरण एवं चैनल सफाई कार्य पूर्ण।

जनभागीदारी आधारित संरचना ङ्क नागरिक, पार्षद, संस्थाएं मिलकर काम करेंगी।

दंड एवं पुरस्कार नीति लागू करने की बात – टैक्स छूट और पेनल्टी का सुझाव।

जल गंगा संवर्धन अभियान 2.0, इंदौर को भावी जल संकट से बचाने का एक मजबूत प्रयास है, जिसमें प्रशासन और समाज दोनों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। इंदौर पुनः एक बार देश के सामने जल संरक्षण का मॉडल प्रस्तुत करने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम के बाद घोषणा की गई कि जो भी पार्षद अपने वार्ड में जनभागीदारी से सबसे ज्यादा वाटर हार्वेस्टिंग यूनिट लगवाएगा या फिर रिचार्ज शाफ़्ट लगवाएगा उसे विकास कार्यों के लिए विशेष अनुदान दिया जाएगा

# रहस्यमयी हालात में मिली घायल युवती की अस्पताल में मौत, अंतिम क्षणों में बोली- 'मां, मुझे बचा लो', हाथ और गले पर थे गंभीर चोटों के निशान

**इंदौर।** दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे शहर को सन्न कर दिया है। बुधवार देर रात सिलिकॉन सिटी फर्स्ट ब्लॉक की एक बिल्डिंग के बाहर एक युवती गंभीर रूप से घायल अवस्था में बेसुध पड़ी मिली, जिसके हाथों और गले पर गहरे और रहस्यमयी चोटों के निशान पाए गए। राह चलते छात्रों की नजर जब इस युवती पर पड़ी तो उन्होंने बिना देर किए उसे खून से लथपथ हालत में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद युवती ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस घटना के साथ सबसे रहस्यमयी बात यह रही कि जब छात्र उसे मदद के लिए उठाने पहुंचे तो घायल युवती ने बेहद कमजोर और डरी हुई आवाज़ में सिर्फ दो बातें कहीं ङ्क ÷मेरा नाम चारु है÷ और ÷मां, मुझे बचा लो।÷ इसके बाद वह फिर कुछ नहीं बोल सकी। उसकी हालत इतनी नाजुक थी कि वह अधिक देर तक चेतना में नहीं रह सकी और अस्पताल में भर्ती कराने के कुछ घंटों के भीतर ही उसने अंतिम सांस ली।

छात्रों ने बताया कि उन्होंने पहले कभी उस युवती को इस इलाके में नहीं देखा था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह यहां की निवासी नहीं थी। न ही उसके पास कोई पहचान पत्र मिला, जिससे पुलिस के लिए उसकी पहचान की पुष्टि करना और अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है और आसपास की इमारतों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि युवती किसके साथ और कैसे वहां पहुंची थी। युवती के हाथ और गले पर जो चोट के निशान पाए गए हैं, वो किसी नुकीले हथियार से किए गए जान पड़ते हैं। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि गंभीर हमले या हत्या का हो सकता है। पुलिस इस घटना को आत्महत्या, हमला अथवा महिला उत्पीड़न के किसी गंभीर अपराध की दृष्टि से देख रही है। स्थानीय लोगों और छात्रों में इस घटना के बाद भय का माहौल है। जिस प्रकार युवती ने मदद के समय सिर्फ मां को पुकारा और अपना नाम बताया, उससे यह मामला और भी मार्मिक हो गया है। पुलिस ने अब तक युवती की पहचान की पुष्टि नहीं की है, लेकिन नाम और अंतिम शब्दों के आधार पर आसपास के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। यह घटना न केवल एक युवती की रहस्यमय और दर्दनाक मौत का मामला है, बल्कि शहर में महिलाओं की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है। यदि यह हत्या का मामला है, तो हत्यारे अब भी खुलेआम घूम रहे हैं, और यदि यह आत्महत्या है, तो इसके पीछे की वजह को जानना समाज के लिए चेतावनी हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही सभी तथ्य सामने लाकर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जाएगी।



कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं।

# इन 5 तरह के पानी से हर मौसम में बीमारियां रहेंगी दूर, आप भी बनाकर करें ट्राई

हेल्दी मेटाबॉलिज्म और बढ़िया इम्यूनिटी पाने के लिए हम अपने आहार में कई तरह के सप्लीमेंट्स को शामिल करते हैं। जरूरी नहीं कि ये सप्लीमेंट्स हर व्यक्ति को सूट करें। इसकी बजाय आप नेचुरल रेमेडी का सहारा ले सकते हैं। कुछ ऐसे हर्ब्स और सब्जियां होती हैं, जिनमें अद्भुत शक्तियां होती हैं। इनका पानी पीने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग हो सकती है। ये हर्ब्स और सब्जियां भिंडी, अदरक, दालचीनी, पीपली और पुदीना हैं, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इस आर्टिकल में आइए इन इंग्रीडिएंट्स के बेनिफिट्स जानें और इन्हें कैसे आहार में शामिल करना है, जानें।

## भिंडी

भिंडी पोषक तत्वों से भरपूर सब्जी है जो विटामिन, खनिज और डाइट्री फाइबर का अच्छा स्रोत है। विटामिन-ए, सी और के से भरपूर, भिंडी इम्यूनिटी फंक्शन और त्वचा के स्वास्थ्य का समर्थन करती है। इसका घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है। जब मेटाबॉलिज्म की बात आती है, तो भिंडी ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाने में सहायता करती है। यह इंसुलिन स्पाइक्स और क्रैश को रोक सकता है, जो संतुलित मेटाबॉलिज्म को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है।





## पिपली

इसे लॉन्ग पेपर के नाम से भी जाना जाता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। पिपली में पिपेरिन होता है, जो पोषक तत्वों की जैव उपलब्धता को बढ़ाने और मेटाबॉलिक रेट को बढ़ाने की क्षमता के लिए जाना जाता है। पिपेरिन पाचन में सहायता करने और पोषक तत्वों के अवशोषण में सुधार करने के लिए अच्छा है। यह थर्मोजेनेसिस को भी उत्तेजित कर सकता है, जिससे कैलोरी बर्न करने में वृद्धि होती है और मेटाबॉलिक फंक्शन में सुधार होता है।

## अदरक

अदरक को सदियों से इसके औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। इसमें जिंजरोल और शोगोल जैसे बायोएक्टिव यौगिक होते हैं जिनमें सूजन-रोधी और एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव होते हैं। अदरक पाचन एंजाइम्स के उत्पादन को उत्तेजित करके पाचन में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त, अदरक में थर्मोजेनिक गुण होते हैं, जिसका अर्थ है कि यह शरीर के तापमान को बढ़ा सकता है और कैलोरी बर्निंग को बढ़ावा देता है। यह वॉर्मिंग प्रभाव मेटाबॉलिक रेट को बढ़ा सकता है और वजन प्रबंधन में हेल्प कर सकता है।

## दालचीनी

दालचीनी सिर्फ एक मसाला नहीं है, यह स्वास्थ्य लाभों का एक पावरहाउस है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट और ऐसे यौगिक होते हैं जो इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करते हैं, सूजन को कम करते हैं और ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करते हैं। दालचीनी ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जो ब्लड शुगर में गिरावट के कारण होने वाले अधिक खाने को रोक सकती है।

## पुदीना

पुदीना न केवल ताजगी देता है बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इसमें मेन्थॉल जैसे यौगिक होते हैं जो पाचन तंत्र को सुधारने में मदद कर सकते हैं, सूजन को कम कर सकते हैं और अपच से राहत दिला सकते हैं। इसके अलावा, पुदीने का औषधीय पानी स्वाद को बढ़ाता है, पेट को गर्मी से राहत पहुंचाता है और पाचन को दुरुस्त रखता है।

## ये सामग्रियां कैसे करती हैं काम

### ब्लड शुगर रेगुलेशन

भिंडी, दालचीनी और अदरक ब्लड शुगर के स्तर को स्थिर करने के लिए प्रभावी तरीके से काम करते हैं। यह इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने में मदद कर सकते हैं और साथ ही बैलेंस्ड मेटाबलॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं।

### पाचन स्वास्थ्य

अदरक, पुदीना और पिपली स्वस्थ पाचन और पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देते हैं। अगर आपका पाचन तंत्र अच्छा है, तो आपका मेटाबॉलिज्म भी अच्छा होगा, जो वेट मैनेज करने के लिए अच्छा हो सकता है।

### थर्मोजेनेसिस

अदरक, दालचीनी और पिपली थर्मोजेनेसिस को बढ़ाते हैं। इसका मतलब है कि इन इंग्रीडिएंट्स से कैलोरी बर्निंग रेट में वृद्धि होती है। इससे मेटाबॉलिज्म रेट भी बढ़ता है।

### कैसे पी सकते हैं ये मेडिसिनल पानी?

इन चीजों को आप कुकिंग में भी उपयोग कर सकते हैं। मगर सबसे अच्छा तरीका है कि आप इन मेडिसिनल वॉटर को डिटॉक्स ड्रिंक के रूप में पिएं। सुबह ये पानी पीने से न सिर्फ शरीर टॉक्सिन्स को बाहर निकालेगा, पर आप पूरे दिन के लिए तैयार होंगे।



# क्या तनाव की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

तनाव सेहत के लिए अच्छा नहीं होता है। इसकी वजह से बीपी बढ़ जाता है और दिल पर भी असर होता है। इतना ही नहीं, स्ट्रेस के कारण, हमारी ओवरऑल हेल्थ भी खराब होती है। हम सभी यह बात जानते हैं कि तनाव लेने से ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आपने अक्सर घर में बड़े-बुजुर्गों को भी यह बात कहते सुना होगा। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसकी वजह से बीपी कम भी हो सकता है। जी हां, सेहतमंद रहने के लिए, तनाव से दूर रहना बहुत जरूरी है। इसके अलावा, बीपी लेवल का भी अधिक या कम होना सही नहीं है। क्या अधिक तनाव, लो बीपी का कारण भी बन सकता है, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

## क्या स्ट्रेस की वजह से बीपी लो भी हो सकता है?

- स्ट्रेस को हमेशा हाई बीपी से जोड़कर देखा जाता है। लेकिन, इसकी वजह से कुछ लोगों को हाइपोटेंशन यानी लो बीपी की दिक्कत भी हो सकती है।
- अधिक तनाव की वजह से बीपी हाई होता है क्योंकि इसके कारण, स्ट्रेस हार्मोन रिलीज होते हैं। लेकिन, लंबे वक्त तक तनाव में रहना उल्टा असर भी दिखा सकता है।
- जब हम लंबे समय तक तनाव में रहते हैं, तो इसके कारण, शरीर में काफी कमजोरी आ जाती है और एड्रेनल ग्लैंड्स, पर्याप्त मात्रा में भी स्ट्रेस हार्मोन नहीं बना पाती हैं।
- जिस तरह स्ट्रेस हार्मोन का बढ़ना सही नहीं है, उसी तरह, इसके सामान्य से कम होने के भी नुकसान होते हैं।
- इसके कारण, शरीर में हार्मोनल इंबैलेंस होता है और इस हार्मोनल इंबैलेंस के कारण, बीपी लो हो जाता है।
- बहुत अधिक तनाव, वासोवागल सिंकोप का भी कारण बन सकता है। इसकी वजह से नर्व्स, दिल को धीमे धड़कने का सिग्नल देती हैं और ब्लड वेसल्स चौड़ी हो जाती हैं।
- इसके कारण, बीपी अचानक से ड्रॉप हो जाता है और दिल की धड़कन धीमी हो जाती है। इसकी वजह से मस्तिष्क में ब्लड फ्लो कम हो जाता है और थकान, कमजोरी व बेहोशी हो सकती है।
- वहीं, कई बार अधिक स्ट्रेस में रहने के कारण, व्यक्ति मील्स स्किप करने लगता है, डिहाइड्रेट रहता है और नींद भी पूर नहीं होती है। इसकी वजह से भी बीपी लो हो सकता है।
- जिन लोगों का बीपी पहले से ही लो रहता है, वे अगर स्ट्रेस लें तो दिक्कत और बढ़ सकती है।

# गुजरात में शामिल हो सकते हैं कुसल मेंडिस

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका के विकेटकीपर-बल्लेबाज कुसल मेंडिस गुजरात टाइटंस (जीटी) में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मेंडिस के इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेने की संभावना है। हालांकि गुजरात की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बटलर वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई से शुरू हो रही वनडे सीरीज के कारण आईपीएल के प्लेऑफ मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इससे पहले, बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को बतौर रिप्लेसमेंट टीम में शामिल किया है। वे ओपनर जैक फ्रेजर मैगर्क की जगह लेंगे। मैगर्क मौजूदा सीजन के बाकी मैचों के लिए भारत नहीं आएंगे। फ्रेंचाइजी ने रहमान से 6 करोड़ रुपए में एग्रीमेंट किया है, लेकिन यह एग्रीमेंट मुश्किल में पड़ता दिखाई दे रहा है। एग्रीमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा- अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने क्रिकइंफो से कहा- मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है।

## इंग्लैंड के जोस बटलर की जगह लेंगे, दिल्ली ने बांग्लादेशी पेसर रहमान को साइन किया

हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है। मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है। आमतौर पर आईपीएल किसी भी प्लेयर से एग्रीमेंट का ऐलान तभी करता है, जब जब खिलाड़ी को उसके घरेलू बोर्ड से एनओसी मिल जाती है।

आईपीएल के बचे मैच का शेड्यूल और बांग्लादेश के ,श्व दौरे का शेड्यूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ,श्व के लिए रवाना भी हो गए हैं।

### पहले भी दिल्ली के लिए खेल चुके

मुस्तफिजुर इससे पहले 2022 और 2023 सीजन में डीसी के साथ थे। उन्होंने 2016 में अपने पहले सीजन में



सनराइजर्स हैदराबाद के साथ खिताब जीता था, इस दौरान उन्होंने 16 विकेट लिए थे। मुस्तफिजुर उसी साल इमर्जिंग प्लेयर ऑफ ईयर का टाइटल जीतने वाले पहले विदेशी प्लेयर बने थे।

### आईपीएल में 61 विकेट ले चुके

मुस्तफिजुर 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपए में शामिल किया है।

### डीसी के लिए तीसरे लेफ्ट आर्म पेसर

मुस्तफिजुर दिल्ली कैपिटल्स के लिए तीसरे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज होंगे। टीम के पास पहले से मिचेल स्टार्क और टी नटराजन भी हैं। स्टार्क टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर हैं। उन्होंने अब तक 11 मैचों में एक बार 5 विकेट लेकर 14 विकेट लिए हैं।

### प्लेऑफ में पहुंचने के लिए तीनों मैच जीतना जरूरी

भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद 17 मई आईपीएल फिर से शुरू होने वाला है। दिल्ली पॉइंट्स टेबल में अभी 11 मुकाबलों में 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। अगर टीम को प्लेऑफ में पहुंचना है तो बचे हुए तीनों मैच जीतने होंगे। दिल्ली के बचे तीन मैच गुजरात, मुंबई और पंजाब के खिलाफ हैं। हालांकि लास्ट 5 मैचों में दिल्ली को सिर्फ एक में ही जीत नसीब हुई है।

### मैगर्क के लिए सीजन खराब रहा

जैक फ्रेजर मैगर्क के लिए 2025 आईपीएल सीजन कुछ खास नहीं रहा। उन्हें पहले छह मैचों के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। मैगर्क सीजन में मात्र 55 रन बना सके।

# ला लीगा- रियल मैड्रिड ने मायोर्का को 2-1 से हराया



## एमबाप्पे और रैमॉन ने एक-एक गोल किया, बार्सिलोना का खिताब जश्न टला

**बार्सिलोनी (एजेंसी)।** स्पेनिश लीग ला लीगा में बुधवार को खेले गए मैच में रियल मैड्रिड ने मायोर्का को इंजरी टाइम में गोल कर 2-1 से हरा दिया। मैड्रिड के लिए किलियन एमबाप्पे और जैकोबो रैमॉन ने एक-एक गोल किया।

### बार्सिलोना को खिताब के लिए करना पड़ेगा इंतजार

इसके साथ ही बार्सिलोना को अपने 28वां लीग खिताब के लिए इंतजार करना पड़ेगा। स्पेनिश लीग में सबसे ज्यादा पॉइंट अर्जित करने वाली टीम खिताब जीतती है। बार्सिलोना के 35 मैच के बाद 82 पॉइंट है। वह पॉइंट टेबल में टॉप पर है। जबकि रियल मैड्रिड 36 मैचों के बाद 78 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। स्पेनिश लीग में 20 टीमें खेल रही है। प्रत्येक टीम को एक-दूसरे से दो दो मैच खेलने हैं। एक मैच अपने होम ग्राउंड पर और दूसरा बाहर यानी प्रत्येक टीम को 38 मैच लीग में खेलने हैं। बार्सिलोना को 3 मैच खेलने हैं और एक भी जीतने के बाद वह खिताब जीत जाएगी। जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली रियल मैड्रिड के दो मैच बाकी है, और दोनों जीतने के बाद भी खिताब हासिल करना मुश्किल है।

### हाफ टाइम में मायोर्का ने 1-0 से आगे

मायोंका ने हाफ टाइम में रियल मैड्रिड से 1-0 से आगे रहा। मायोंका की तरफ से 11 वें मिनट में मार्टिन वाल्जेंट ने गोल कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद हाफ टाइम तक दोनों टीमों ने कोई और गोल नहीं किए।

### मबाप्पे ने गोल कर टीम को बराबरी पर लाया

मैच के 68वें मिनट में किलियन एमबाप्पे ने गोल कर रियल मैड्रिड को 1-1 की बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। लीग में उनका यह 28वां गोल था।

वह लीग में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे तीन गोल पीछे बार्सिलोना के रॉबर्ट लेवांडोव्स्की हैं। इनके 25 गोल हैं।

### रैमॉन ने इंजरी टाइम में विजयी गोल दागा

ऐसा लग रहा था कि बार्सिलोना का खिताब तय हो गया, पर इंजरी टाइम में रियल मैड्रिड की ओर से जैकोबो रैमॉन ने गोल कर स्कोर को स्कोर 2-1 कर दिया और टीम को जीत दिला दी।

इसके साथ ही बार्सिलोना को खिताब जश्न मानने के लिए रोक दिया। उन्हें अपने अगले मैच तक इंतजार करना पड़ेगा। बार्सिलोना का मैच गुरुवार को एस्पेनयोल के साथ है। जीत के साथ ही वह खिताब भी जीत लेगी।

# डब्ल्यूटीसी 2025 फाइनल की प्राइज मनी की घोषणा

## विनर को 30.79 करोड़ रुपए, नंबर-3 पर रहने पर भारत को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की राशि में बढ़ोतरी की है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच 11 से 15 जून तक खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के विजेता को 30.79 करोड़ रुपए राशि मिलेगी, जबकि हारने वाली टीम को 18.47 करोड़ रुपए राशि मिलेगी।

- **पिछले दो फाइनल से 17.96 करोड़ रुपए ज्यादा** - इस बार विजेता टीम को मिलने वाली इनामी राशि पिछले दो फाइनल के विजेताओं न्यूजीलैंड (2021) और ऑस्ट्रेलिया (2023) की जीती राशि से 17.96 करोड़ रुपए से अधिक है। पिछले दो एडिशन में विजेता को 13.68 करोड़ रुपए दिए गए थे, जबकि उपविजेता को 6.84 करोड़ रुपए दिए गए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में भारत को हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था।
- **टीम इंडिया को मिलेगी 12.32 करोड़ रुपए** - वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में खेलने वाली सभी 9 टीमों को प्राइज मनी मिलेगी। नौवें स्थान पर रहने वाली पाकिस्तान को भी 4.10 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम इंडिया को 12.32 करोड़ रुपए मिलेंगे।
- **साउथ अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया टॉप-2 में रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया** - वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चरण में साउथ अफ्रीका ने 69.44 प्रतिशत के साथ पॉइंट टेबल में टॉप रह कर फाइनल के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। भारत ने अधिकांश समय पॉइंट टेबल में टॉप पर रहने के बाद आखिरी में 50.00 अंक हासिल कर तीसरे स्थान पर रहा। भारत को आखिरी दो सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार के बाद उसे ऑस्ट्रेलिया में हार का सामना करना पड़ा था।
- **आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा- तीसरा चरण काफी रोचक रहा** - आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि तीसरा चरण काफी रोचक रहा। फाइनलिस्ट का फैसला आखिरी में जाकर हुआ। मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित फॉर्मेट में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका अब से एक महीने से भी कम समय में मैदान पर उतरेंगे।
- **पैट कमिंस बोले- ट्रॉफी का डिफेंड करने हमारे लिए महत्वपूर्ण** - ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि लॉर्ड्स में ट्रॉफी को डिफेंड करना हमारे लिए गर्व की बात है। मैं पिछले दो सालों में टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को फाइनल में पहुंचने के लिए बधाई देता हूं और यह हमारे लिए सम्मान की बात है। सभी ने इसके लिए कड़ी मेहनत की है। हम इंग्लैंड में साउथ अफ्रीका की चुनौती का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।
- **तेम्बा बावुमा ने कहा- आईसीसी खिताब जीतने का अच्छा मौका** - साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा है कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बेहद खुश हैं। हमारे पास आईसीसी खिताब जीतने का अच्छा मौका है।

# दिल्ली-एनसीआर में छाई हुई है धूल!

## आईजीआई एयरपोर्ट पर भी विजिबिलिटी प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार सुबह से धूल की चादर छाई हुई है। इससे विजिबिलिटी का स्तर कम हुआ है। दरअसल, मौसमी उतार चढ़ाव के बीच बुधवार रात साढ़े 11 बजे तेज आंधी आई। इसका असर अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। वातावरण में हर तरफ धूल छाई हुई है। दिल्ली एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई है। कल बुधवार रात 10 से साढ़े 11 बजे के दौरान धूल भरी आंधी चली। इससे एक दो घंटे में ही पालम और आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 4500 मीटर से गिरकर 1200 मीटर हो गई थी। यह मुख्य रूप से उस समय क्षेत्र में अचानक धूल भरी तेज हवाएं चलने के कारण था। उन्होने कहा कि लगभग 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही थी, लेकिन बाद में तब से ही तीन से सात किमी प्रति घंटे की शांत/कमजोर हवा की स्थिति बनी हुई है। नतीजा हवा में धूल के साथ सफदरजंग और पालम दोनों एयरपोर्ट पर दृश्यता 1200-1500 मीटर पर खराब बनी हुई है। हालांकि आज दिन में मौसम साफ हो जाने के आसार हैं। दूसरी तरफ अब फिर गर्मी बढ़ने की संभावना है। दो दिन से तापमान 40 डिग्री पार जा रहा है। आज 41 डिग्री चले जाने के आसार हैं। हालांकि लू अभी नहीं चलेगी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता अभी खराब श्रेणी में बनी हुई है। आज दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। तेज धूप भी खिली रहेगी, लेकिन 15 से 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बीच बीच में यह रफ्तार 35 किमी प्रति घंटे तक की भी हो सकती है। बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे दिल्ली का एक्यूआई 249 रिकॉर्ड किया गया। इसे खराब श्रेणी में रखा जाता है। धूल भरी आंधी के चलते आज आठ दिन बाद दिल्ली का एक्यूआई 200 से ऊपर गया है। एनसीआर के शहरों में भी हवा खराब श्रेणी में चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल एक्यूआई की यही श्रेणी बनी रहेगी। तापमान का चढ़ता ग्राफ गौतमबुद्ध नगर में भी गर्मी बढ़ाने लगा है। बुधवार को नोएडा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके चलते लोगों को गर्मी के सितम से दो चार होना पड़ा। लोग भीषण गर्मी के बीच ही जरूरी कामकाज करते नजर आए। मौसम विशेषज्ञों ने आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने बताया है तो जिले में अगले दो दिन अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहने की संभावना जताई है।



### वायु गुणवत्ता में लगातार नौवें दिन सुधार बरकरार

मौसमी परिस्थितियों के चलते वायु गुणवत्ता में लगातार नौवें दिन भी सुधार बना रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक बुधवार को दिल्ली का एक्यूआइ 135 दर्ज किया गया। इसे मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पूर्व मंगलवार को यह 141 रहा था। यानी 24 घंटे के दौरान इसमें छह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। एनसीआर के शहरों में भी यही स्थिति है। हाल फिलहाल इसके मध्यम श्रेणी में ही बने रहने के आसार हैं।

# सीबीएसई की परीक्षा में आए 83% नंबर, फिर भी नाखुश 10वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी जिले के बुराड़ी में सीबीएसई रिजल्ट में 83 प्रतिशत नंबर लाने से उदास दसवीं के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नतीजे घोषित होने के बाद वह बेहद उदास था। कोचिंग जाने की बात कर वह घर की छत पर बने स्टोर रूम में पहुंचा और वहां फंदा लगा लिया। मृतक की पहचान अक्षत के रूप में हुई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

अक्षत परिवार का इकलौता बेटा था। स्वजन का कहना है कि उन्होंने बेटे पर कभी पढ़ाई का दबाव नहीं बनाया। पुलिस उसका मोबाइल फोन कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। उपायुक्त राजा बांठिया के मुताबिक, मंगलवार की रात करीब आठ बजे बुराड़ी के सरकारी अस्पताल से उन्हें एक छात्र के फंदा लगाने की सूचना मिली। उसके स्वजन ने बताया कि वे एकता सोसायटी, संत नगर बुराड़ी में रहते हैं। अक्षत के पिता भुवनेश कुमार पालीवाल डॉक्टर लाल पैथ लैब में जनरल मैनेजर हैं, जबकि मां दिल्ली नगर निगम के स्कूल में टीचर हैं। अक्षत मॉडल टाउन के एक नामी स्कूल में पढ़ता था। फिलहाल वह बुराड़ी स्थित आकाश इंस्टीट्यूट में मेडिकल की तैयारी कर रहा था। मंगलवार को रिजल्ट आने के बाद वह उदास था। दोपहर करीब तीन बजे उसने मां से कहा कि वह कोचिंग जा रहा है। कोचिंग जाने के बजाय वह छत पर बने स्टोर रूम में गया और उसने चुन्नी के सहारे फंदा लगा लिया। शाम करीब 4.30 बजे उसकी मां ने उसे कॉल की तो उसका फोन नहीं उठा। मां ने कोचिंग के टीचर को कॉल की।

# दोनों हाथों में पिस्टल लेकर खड़ा था बदमाश

## पुलिस ने घेरा तो की फायरिंग, फिल्मी अंदाज में हुई गिरफ्तारी

**गुरुग्राम, एजेंसी।** फरुखनगर के झज्जर गेट पर पूर्व पार्षद मुकेश सैनी के पोते राकेश सैनी की दो गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपित की बुधवार दोपहर फिल्मी अंदाज में चरखी दादरी में गिरफ्तारी की गई। आरोपित की पहचान झज्जर के इस्माइलपुर गांव निवासी पंकज रूप में की गई। मंगलवार को हत्या के बाद वह पहले झज्जर और फिर भागकर चरखी दादरी पहुंचा था।

बताया जाता है कि बुधवार दोपहर चरखी दादरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रेक पर दोनों हाथों में पिस्टल लेकर आरोपित खड़ा था। पास में रहने वाले कुछ लोगों ने जब इसे इस हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। जीआरपी समेत अन्य नजदीकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस को देखकर उसने तीन बार हवा में और एक बार पुलिसकर्मियों की तरफ फायर किया। गनीमत रही कि गोली किसी को नहीं लगी। इसके बाद जब पुलिस आगे बढ़ी तो उसने खुद की कनपटी पर पिस्टल रखकर गोली चलाने की धमकी दी और चंद सेकेंड बाद उसने गोली चला भी दी।

हालांकि, फायर होने पर उसका हाथ फिसल गया और गोली सिर के पास से गुजर गई। इससे वह नीचे गिर गया और पुलिस कर्मियों ने उसे धर दबोचा। वह काफी नशे में लग रहा था। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान पंकज के रूप में



की गई। आरोपित के पास से दो अवैध पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए।

आरोपित फिलहाल जीआरपी की गिरफ्त में है। जीआरपी के अनुसार पूछताछ में उसने मंगलवार को फरुखनगर में युवक राकेश की हत्या की वारदात स्वीकार की। यह भी बताया कि हत्या के बाद वह इस्माइलपुर गांव चला गया था।

बुधवार सुबह उसे एक और व्यक्ति की हत्या करनी थी, लेकिन जब वह वारदात करने पहुंचा तो आरोपित नहीं मिला। इसके बाद वह भागकर झज्जर अनाज मंडी पहुंचा। यहां से निजी वाहन या बस से चरखी दादरी गया था। पकड़े जाने पर वह इतने नशे में था कि उसे खुद नहीं पता था कि वह भागकर कहां जा रहा था।

फरुखनगर के वार्ड नंबर 10 निवासी 33 वर्षीय राकेश सैनी ने झज्जर गेट के पास चाय-समोसे की दुकान कर रखी थी। सोमवार शाम आरोपित पंकज अपने साथियों के साथ समोसा खाने दुकान पर आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी राकेश से झड़प हो गई थी।

आरोपित द्वारा देख लेने की धमकी देने पर राकेश ने फरुखनगर थाना पुलिस को इसकी जानकारी भी दी थी। हालांकि, लिखित शिकायत न होने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। दूसरे दिन मंगलवार सुबह दस बजे आरोपित बाइक पर आया और काउंटर पर बैठे राकेश पर फायरिंग कर दी।

राकेश के सीने पर एक और कोहनी के पास एक गोली लगी थी। इसमें उसकी मौत हो गई थी।

# अपने ही जिगर के टुकड़े को मां ने नहर में फेंका, जांच में तांत्रिक भी गिरफ्तार

**फरीदाबाद, एजेंसी।** दो साल के बेटे को आगरा नहर फेंकने वाली महिला और षड्यंत्रकारी तांत्रिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गोताखोर की मदद से मंगलवार को आगरा नहर में बीपीटीपी के पुल से 500 मीटर आगे बच्चे के शव को बरामद कर लिया है। उसका शव कीचड़ में बुरी तरह से फंसा हुआ था। महिला को बच्चे को आगरा नहर में फेंकते हुए वहां से गुजर रहे लोगों ने देख लिया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। थाना बीपीटीपी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। महिला सैनिक कालोनी में रहने वाली मेघा लुकरा है। मेघा के पति कपिल प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। जिसमें 14 साल की बेटी मानिया व दो साल का बेटा तन्मय है। महिला के पति ने पुलिस को बताया कि मेघा मानसिक रूप से परेशान रहती है।

वह उनके बेटे को किसी तांत्रिक के पास लेकर जाती रहती थी। तांत्रिक के बहकावे में आकर वह अपने दो साल के लड़के को जिन्न का बच्चा बताती है। तांत्रिक के कहने पर ही उसने बच्चे को बीपीटीपी पुल से आगरा नहर में फेंक दिया।

# बुजुर्ग को तीन दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, फिर लगाया करीब 17 लाख का चूना

**फरीदाबाद, एजेंसी।** घोटाले की रकम खाते में आने की धमकी देकर साइबर ठगों ने एक बुजुर्ग को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 16.44 लाख रुपये ठग लिए। जब पीड़ित के खाते में कुछ नहीं बचा तो उन्हें थाने जाने की बात कही। थाने में जाकर सच्चाई का पता चला कि यह साइबर फ्राड हो गया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत साइबर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



थाना साइबर क्राइम सेंट्रल में सेक्टर-86 में रहने वाले अशोक ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट जाब करते थे। 16 साल पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। पत्नी की मौत हो चुकी है और बेटा अलग रहता है। वह फ्लैट में अकेले रहते हैं। 28 अप्रैल 2025 को उनके पास वॉट्सएप कॉल आई। काल करने वाले ने उससे कहा कि वह मुंबई क्राइम ब्रांच से बोल रहे हैं। नरेश गोयल नाम का आदमी मुंबई क्राइम ब्रांच ने पांच हजार करोड़ रुपये के घोटाले मे गिरफ्तार किया है। नरेश गोयल ने पूछताछ में आपका नाम घोटाले की साजिश में शामिल बताया है। जांच में पता चला है कि 6.5 करोड़ रुपये का घोटाला आपके पेन कार्ड व आधार कार्ड का प्रयोग करके किया है। इस संबंध में आपसे पूछताछ करेंगे।

इसलिए आपको लगातार वीडियो काल पर रहना है और हमारी अनुमति के बिना किसी से भी बात नहीं करनी है। बिना हमारी अनुमति के कही नहीं जाना है और अपने फोन की बैटरी चार्ज रखनी है।